पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उत्तर प्रदेश

8वॉ तल, टावर-4, पुलिस मुख्यालय,अमर शहीद पथ , गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ – 226002 e- mail : tshq@nic.in

पत्र सं0: टीएस-सीसीटीएनएस-65/2012 (Email) **दिनांक:** फरवरी 17, 2022

सेवा में,

1. समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ0प्र0।
2. पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट- गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर।
3. समस्त अपर पुलिस महानिदेशक, जोन,उ0प्र0।
4. समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, रेन्ज, उ0प्र0।
5. समस्त जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0।
6. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, समस्त जीआरपी, उ0प्र0।

विषय- Q-Mail के स्थान पर NIC की ई-मेल का प्रयोग किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया अवगत कराना है कि पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत गठित स्टेट इम्पावर्ड कमेटी की बैठक दिनांक-08.02.2022 को आहूत की गयी थी। उक्त बैठक में Mail Service के लिये Q-Mail के स्थान पर NIC की ई-मेल आईडी का प्रयोग किये जाने पर निर्णय लिया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के समस्त जोन, रेन्ज, ईकाई, जनपदों, जीआरपी में फैक्स/डाक/डिस्पैच की व्यवस्था के अतिरिक्त सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत Q-Mail की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके माध्यम से पुलिस विभाग में आन्तरिक रूप से पत्रों का आदान-प्रदान किया जाता है। **इस Q-Mail Service को दिनांक- 28.02.2022 से समाप्त किया जा रहा है।**

यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान में Q-Mail सेवा के अतिरिक्त NIC द्वारा उपलब्ध करायी जा रही NIC/Gov डोमेन की ई-मेल आईडी का प्रयोग भी समस्त जोन/रेन्ज/ईकाई/जनपद के कार्यालयों तथा थानों द्वारा किया जा रहा है। अब केवल यही ई-मेल आईडी प्रयोग में लायी जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारीगण को यह निर्देशित करे कि वह,

1. समस्त प्रकार के पत्रों के आदान-प्रदान हेतु Q-Mail आईडी के स्थान पर NIC/Gov की ई-मेल आईडी का उपयोग करना सुनिश्चित करें।
2. समस्त थानों द्वारा इस मुख्यालय की हेल्पडेस्क से सम्पर्क स्थापित करने हेतु पूर्व में प्रयोग में लाई जा रही क्यू-मेल आईडी के स्थान पर Helpdesk की ई-मेल आईडी cctns-helpdesk.lu@up.gov.in पर सिर्फ NIC/Gov की ही ई-मेल आईडी से पत्राचार/समस्याओं से अवगत कराना सुनिश्चित करें। उक्त कार्य हेतु Q-Mail/G-Mail व अन्य डोमेन की Unofficial ई-मेल आईडी से पत्राचार न करें।

17/02/2022

(मोहित अग्रवाल)
अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक,
तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय, उ0प्र0,
लखनऊ।

प्रतिलिपि- निम्न लिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, उ0प्र0।
2. सचिव, गृह विभाग,उ0प्र0 शासन को सूचनार्थ।
3. एस.आई.ओ, NIC, योजना भवन, लखनऊ, उ0प्र0।